भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

**भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण**

**खेल नियंत्रण बोर्ड**

**आवेदन खोलने की तिथि : 24 मार्च, 2025**

**आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि : 30 अप्रैल, 2025**

# वर्ष 2025-26 के लिए उत्कृष्ट खिलाड़ियों के लिए खेल छात्रवृत्ति योजना

## 1. उद्देश्य

इस योजना का उद्देश्य होनहार युवा खिलाड़ियों को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) खेल छात्रवृत्ति प्रदान करना है, ताकि भाविप्रा में खेल मानकों को बढ़ाया जा सके और युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया जा सके।

## 2. आयु वर्ग

यह छात्रवृत्ति, दिनांक 31.03.2025 तक, 14 से 24 वर्ष की आयु वाले खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध होगी।

## 3. खेल/वर्ग/मानदंड (खुली श्रेणी के लिए)

<table>
<tr><th>क्र.सं.</th><th>खेल</th><th>वर्ग</th><th>मानदंड</th></tr>
<tr><td>1.</td><td>तीरंदाजी (रिकर्व)</td><td>लड़के और लड़कियाँ</td><td rowspan="14">वे खिलाड़ी जिन्होंने वर्ष 2023-24 और उसके बाद सब-जूनियर / जूनियर / सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप, अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय टूर्नामेंट, राष्ट्रीय स्कूल खेलों में प्रतिनिधित्व किया हो। हालाँकि, चयन सर्वोच्च उपलब्धि प्राप्त करने वालों का होगा।</td></tr>
<tr><td>2.</td><td>बैडमिंटन</td><td>लड़के और लड़कियाँ</td></tr>
<tr><td>3.</td><td>शतरंज</td><td>लड़के और लड़कियाँ</td></tr>
<tr><td>4.</td><td>कैरम</td><td>लड़के और लड़कियाँ</td></tr>
<tr><td>5.</td><td>खो-खो</td><td>लड़कियाँ</td></tr>
<tr><td>6.</td><td>टेबल टेनिस</td><td>लड़के और लड़कियाँ</td></tr>
<tr><td>7.</td><td>क्रिकेट</td><td>लड़के</td></tr>
<tr><td>8.</td><td>फ़ुटबॉल</td><td>लड़के</td></tr>
<tr><td>9.</td><td>वॉली बॉल</td><td>लड़के</td></tr>
<tr><td>10.</td><td>लांग जम्प</td><td>लड़के और लड़कियाँ</td></tr>
<tr><td>11.</td><td>हाई जम्प</td><td>लड़के और लड़कियाँ</td></tr>
<tr><td>12.</td><td>ट्रिपल जम्प</td><td>लड़के और लड़कियाँ</td></tr>
<tr><td>13.</td><td>भाला फेंक</td><td>लड़के और लड़कियाँ</td></tr>
<tr><td>14.</td><td>डिस्कस थ्रो</td><td>लड़के और लड़कियाँ</td></tr>
<tr><td colspan="4">नोट: भाविप्रा खेल छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत किसी अन्य खेल को शामिल नहीं किया जाएगा।</td></tr>
</table>

## 4. खेल/वर्ग/मानदंड (भाविप्रा कर्मचारी के बच्चों के लिए)

| **क्र.सं.** | **खेल** | वर्ग | **मानदंड** |
|---|---|---|---|
| 1. | सभी मान्यता प्राप्त खेल | लड़के और लड़कियाँ | वे खिलाड़ी जिन्होंने वर्ष 2023-24 और उसके बाद सब-जूनियर / जूनियर / सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप, अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय टूर्नामेंट, राष्ट्रीय स्कूल खेलों में प्रतिनिधित्व किया हो। हालाँकि, चयन सर्वोच्च उपलब्धि प्राप्त करने वालों का होगा और पहली बार आवेदन करने वालों को वरीयता दी जाएगी। |

## 5. छात्रवृत्तियों की संख्या

**वर्ष 2025-26** के लिए छात्रवृत्तियों की संख्या **खुली श्रेणी के लिए 97** और **भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के कर्मचारियों के वार्ड के लिए 20** से अधिक नहीं होगी, जो उपलब्धता के अधीन होगी।

## 6. छात्रवृत्ति की राशि

पुरस्कार विजेताओं को दी जाने वाली छात्रवृत्ति की राशि निम्नानुसार होगी:-

| **आयु वर्ग** | **प्रति माह छात्रवृत्ति की राशि** |
|---|---|
| 14 वर्ष से अधिक और 18 वर्ष से कम | रु.15,000/- प्रति माह |
| 18 वर्ष से अधिक | रु.20,000/- प्रति माह |

## 7. छात्रवृत्ति की अवधि

छात्रवृत्ति लगभग एक वर्ष की अवधि के लिए दी जाएगी।

## 8. छात्रवृत्ति प्रदान करने की शर्तें

i. खेल छात्रवृत्ति प्राप्त खिलाड़ी खेल गतिविधि के लिए किसी अन्य स्रोत से कोई अन्य छात्रवृत्ति / वित्तीय सहायता / वजीफा प्राप्त करने का हकदार नहीं होगा।
   *"चयनित खिलाड़ी भाविप्रा में अपने कार्यकाल के दौरान राष्ट्रीय/ अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में भाविप्रा टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। कोई भी खिलाड़ी एएआई-एससीबी के सचिव से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किए बिना किसी भी टूर्नामेंट में भाग नहीं ले सकता है। ऐसा न करने पर भाविप्रा में उनके कार्यकाल के दौरान एएआई-एससीबी द्वारा भुगतान की गई पूरी राशि की वसूली की जाएगी और भविष्य में चयन के लिए उन्हें प्रतिबंधित कर दिया जाएगा।"*

ii. भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण पर चयनित छात्रवृत्ति प्राप्त खिलाड़ियों को रोजगार देने की कोई बाध्यता नहीं होगी।

iii. वह अपनी पढ़ाई के साथ-साथ संबंधित खेल को भी लगन से जारी रखेगा/रखेगी और दोनों में बेहतर प्रदर्शन करेगा/करेगी। वह जिस शैक्षणिक संस्थान/खेल महासंघ में अध्ययन/खेल रहा/रही है, उसके प्रमुख/प्रधानाचार्य द्वारा विधिवत सत्यापित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेगा/करेगी कि वह संबंधित मान्यता प्राप्त राज्य/राष्ट्रीय खेल महासंघ का/की वास्तविक छात्र/छात्रा है।

iv. **जब भी भाविप्रा द्वारा आवश्यक हो, उसे स्वयं को किसी भी अभ्यास/ कोचिंग शिविर/ टूर्नामेंट के लिए अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना होगा।**

v. खिलाड़ी को प्राधिकरण के अलावा किसी अन्य टीम में प्रतिनिधित्व करने के लिए, यदि चयनित हो तो, **भाविप्रा** खेल नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष/सचिव या **भाविप्रा** के किसी अन्य प्राधिकृत अधिकारी से लिखित में पूर्व अनुमति लेनी होगी।

vi. छात्रवृत्ति अवधि के दौरान, वह किसी भी प्रकार का ऐसा आचरण नहीं करेगा/करेगी जिससे भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) को शर्मिंदगी हो और देश के कानून के विरुद्ध किसी भी गतिविधि में भी भाग नहीं लेगा/लेगी। वह एएआई-एससीबी द्वारा समय-समय पर बनाए गए नियमों, विनियमों/शर्तों आदि का भी पालन करेगा/करेगी।

vii. वह भाविप्रा से पूर्व अनुमोदन प्राप्त किए बिना उस शैक्षणिक संस्थान, जहां वह अध्ययन कर रहा/रही है, के अलावा किसी अन्य क्लब, संस्थान/एसोसिएशन का प्रतिनिधित्व नहीं करेगा/करेगी ।

viii. भाविप्रा किसी भी समय बिना कोई नोटिस दिए या कोई कारण बताए खेल छात्रवृत्ति वापस ले सकता है।

ix. भाविप्रा खेल छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन करते समय उसे अपने माता-पिता/अभिभावक की लिखित सहमति, किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित की हुई, प्राप्त करनी होगी।

x. यदि वह किसी अन्य संस्थान से छात्रवृत्ति रोजगार स्वीकार करता/करती है, तो भाविप्रा द्वारा प्रदान की गई खेल छात्रवृत्ति स्वतः ही समाप्त हो जाएगी।

xi. आवेदन पत्र उपयुक्त खेल प्राधिकरण/संस्था (जैसे संस्थान/विद्यालय के प्रमुख/प्रधानाचार्य, संबंधित खेल के राज्य संघ/राष्ट्रीय संघ के सचिव) के माध्यम से, खेल उपलब्धियों की प्रमाणित प्रतियों सहित, भेजा जाएगा।

xii. भाविप्रा अपने विवेकानुसार, अनुपयुक्त समझे जाने पर किसी भी या सभी खेलों में खिलाड़ियों का चयन नहीं कर सकता है।

## 9. **बच्चों (वार्ड) के लिए छात्रवृत्ति योजना प्रदान करने की शर्तें**

किसी खिलाड़ी को, बच्चों (वार्ड) के लिए भाविप्रा खेल छात्रवृत्ति योजना अधिकतम पाँच बार ही उपलब्ध है। वार्ड श्रेणी के खिलाड़ी, वार्ड श्रेणी के अंतर्गत पाँच बार लाभ प्राप्त करने के बाद, बाहरी कोटे से छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन कर सकते हैं। समान स्तर के प्रदर्शन मानकों को पूरा करने पर 'पहली बार भाग लेने वालों' को वरीयता दी जाएगी।

खेल छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत **वार्ड** का कोटा 20 है।

## **10. चयन**

निर्धारित समय के भीतर प्राप्त सभी आवेदनों पर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण खेल नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष द्वारा विधिवत गठित समिति द्वारा विचार किया जाएगा। ऐसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों, जो छात्र नहीं हैं, के मामलों पर भी छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए विचार किए जा सकता है, बशर्ते वे सभी आवश्यकताओं और संबंधित राज्य संघ/राष्ट्रीय संघ के सचिव द्वारा सत्यापन/प्रमाणन को पूरा करें। उपर्युक्त शर्तों के अंतर्गत न आने वाले विशेष योग्यता वाले मामलों पर अध्यक्ष, भाविप्रा के अनुमोदन से विचार किया जा सकता है।

## 11. आवेदन

विधिवत रूप से भरा हुआ और हस्ताक्षरित आवेदन निर्धारित प्रारूप में आवश्यक संलग्नकों के साथ एक ***लिफाफे (13.5 x 9.5 इंच)*** में भेजा जाना चाहिए, जिसके बाहरी लिफाफे के ऊपरी बाएं कोने पर मोटे अक्षरों में **"भाविप्रा** खेल छात्रवृत्ति योजना **2025-26"** लिखा होना चाहिए, जो कि नीचे दिए गए पते पर दिनांक 30 अप्रैल 2025 तक पहुंच जाए: -

**श्री जी.एल. वर्मा,**
महाप्रबंधक (मानव संसाधन) एवं
सचिव, भाविप्रा - खेल नियंत्रण बोर्ड,
भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण,
राजीव गांधी भवन, 'ए' ब्लॉक, कमरा नंबर सी-109,
सफदरजंग हवाई अड्डा,
नई दिल्ली-110003
दूरभाष: 24632950/2474

**(जी.एल. वर्मा)**
**महाप्रबंधक (मानव संसाधन) एवं**
**सचिव, भाविप्रा - खेल नियंत्रण बोर्ड**

कृपया नवीनतम पासपोर्ट आकार की एक फोटो यहाँ चिपकाएँ

## आवेदन प्रपत्र

**खेल, जिसके लिए आवेदन किया गया है:** कृपया टिक करें
**(तीरंदाजी (रिकर्व), बैडमिंटन, शतरंज, कैरम, खो-खो, टेबल टेनिस, क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल, डिस्कस थ्रो, भाला फेंक, हाई जंप, लांग जंप, ट्रिपल जंप।)**

## भाविप्रा खेल छात्रवृत्ति योजना 2025-26

1. उम्मीदवार का नाम
(कृपया पूरा नाम बड़े अक्षरों में लिखें) ____________________

2. पिता/ अभिभावक/ पति का नाम ____________________

3. वर्तमान पता (बड़े अक्षरों में) (गाँव, शहर, डाकघर, जिला, राज्य, पिन कोड) ____________________
____________________

4. जन्मतिथि
(ईसवी सन् में)
(अंकों और शब्दों में)

| D | D | | M | M | | Y | Y | Y | Y |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | |

____________________

5. आयु (31.03.2025 तक)
* सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर और मुहर सहित, निगम/नगर पालिका/पंचायत, जहां खिलाड़ी का जन्म हुआ था, द्वारा जारी आयु प्रमाण पत्र की सत्यापित फोटोकॉपी|

| Y | Y | | M | M | | D | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

6
- मोबाइल नंबर ____________________
- ईमेल आईडी ____________________

7. क) क्या अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. से संबंधित हैं ____________________

(ख) क्या आप भाविप्रा कर्मचारी के बच्चे हैं, यदि हां, तो विवरण दें और पहचान पत्र की प्रति संलग्न करें। ____________________

8. वैवाहिक स्थिति ____________________

9. खेल के लिए आवेदन किया गया ____________________

10. राष्ट्रीय रैंकिंग, यदि कोई हो
शतरंज के मामले में एफआईडीई रेटिंग,
अखिल भारतीय रैंकिंग बैडमिंटन/टीटी/कैरम ______________________
खिलाड़ी आईडी नंबर

11. खेल में विशेषज्ञता ______________________

12. खेलों में उपलब्धि

*12.1* राष्ट्रीय स्तर पर **(वित्तीय वर्ष 2023-24 से केवल राष्ट्रीय चैंपियनशिप, अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय टूर्नामेंट, राष्ट्रीय स्कूल खेल)**

| आयोजन | तिथि | कार्यक्रम स्थल | आयोजक | पद/रैंक | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

*12.2* अंतरराष्ट्रीय स्तर पर **(वित्तीय वर्ष 2023-24 से केवल अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग लिया गया)**

| आयोजन | तिथि | कार्यक्रम स्थल | आयोजक | पद/रैंक | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

(कृपया सभी स्तर की प्रतियोगिताओं अर्थात **राष्ट्रीय चैंपियनशिप/अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता, राष्ट्रीय स्कूल खेल/अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता** जिसमें आपने भाग लिया हो, के स्कोर एवं पद/रैंक का विवरण दें। संबंधित दस्तावेजों की सत्यापित फोटोकॉपी संलग्न की जानी चाहिए। टीम खेलों के संबंध में, यदि आवश्यक हो तो एक अलग शीट में उत्कृष्ट व्यक्तिगत प्रदर्शन को दर्शाया जाना चाहिए।)

13. शैक्षणिक रिकॉर्ड (हाई स्कूल/उच्चतर माध्यमिक से शुरू)

| परीक्षा | बोर्ड/ विश्वविद्यालय | वर्ष | विषय | डिवीज़न/ डिस्टिंक्शन | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |

**आवेदक के हस्ताक्षर**

संस्थान/विद्यालय के प्रमुख/प्रधानाचार्य द्वारा अनुशंसित
संबंधित खेल के राज्य संघ/राष्ट्रीय संघ के सचिव।
नाम :
पदनाम :
(मुहर सहित)

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

# भाविप्रा खेल छात्रवृत्ति योजना 2025-26

## वचन

(आवेदक द्वारा प्रस्तुत किया जाना है)

1. यह प्रमाणित किया जाता है कि मैं किसी अन्य स्रोत से किसी अन्य छात्रवृत्ति का/की प्राप्तकर्ता नहीं हूं।

2. मैं अपनी पढ़ाई के साथ-साथ संबंधित खेल को भी लगन से जारी रखूंगा/रखूंगी और दोनों में बेहतर प्रदर्शन करूंगा/करूंगी।

3. जब भी भाविप्रा द्वारा आवश्यकता होगी, मैं ऐसे अभ्यास / शिविर / टूर्नामेंट के लिए स्वयं को उपलब्ध कराऊंगा/कराउंगी।

4. छात्रवृत्ति अवधि के दौरान मैं ऐसा कोई भी व्यवहार नहीं करूँगा/करूंगी जिससे भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) को शर्मिंदगी हो और देश के कानून के विरुद्ध किसी भी गतिविधि में भी भाग नहीं लूँगा/लूंगी। मैं भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) खेल नियंत्रण बोर्ड द्वारा समय-समय पर बनाए गए नियमों, विनियमों/शर्तों आदि का पालन करूँगा/करूंगी।

5. मैं भाविप्रा से पूर्व अनुमोदन प्राप्त किए बिना उस शैक्षणिक संस्थान, जहां मैं अध्ययन कर रहा/रही हूं, के अलावा किसी अन्य क्लब, संस्था/एसोसिएशन का प्रतिनिधित्व नहीं करूंगा/करूंगी|

6. मैं छात्रवृत्ति अवधि के दौरान किसी अन्य संस्थान से कोई छात्रवृत्ति/रोज़गार स्वीकार नहीं करूँगा/करूँगी। ऐसा करने पर भाविप्रा द्वारा मेरी छात्रवृत्ति समाप्त की जा सकती है।

दिनांक: आवेदक के हस्ताक्षर

दिनांक: माता-पिता/अभिभावक के हस्ताक्षर

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

# अनापत्ति प्रमाण पत्र

## खेल छात्रवृत्ति आवेदक के माता-पिता / अभिभावक द्वारा प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है।

मुझे, श्रीमान/श्रीमती को, इस बात पर कोई आपत्ति नहीं है कि मेरे बच्चे ने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की **खेल छात्रवृत्ति योजना 2025-26** के लिए आवेदन किया है।

माता-पिता / अभिभावक के हस्ताक्षर : ...............................................

माता-पिता / अभिभावक का नाम : ...............................................

एवं

संपर्क नंबर / ई-मेल : ...............................................

माता-पिता / अभिभावक का आईडी : ...............................................

***राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित किया जाए ।***

**<u>केवल भाविप्रा कर्मचारी के आश्रितों के लिए</u>**

**भाविप्रा खेल छात्रवृत्ति योजना 2025-26 के लिए**
**भाविप्रा कर्मचारी के बच्चे से संबंधित विवरण**
**<u>वार्ड कोटा के अंतर्गत</u>**

| | |
|---|---|
| कर्मचारी का नाम | श्री / श्रीमती |
| पदनाम | |
| कर्मचारी क्रमांक<br>***(कर्मचारी के पहचान पत्र की फोटोकॉपी संलग्न करें)*** | |
| सेवानिवृत्ति की तिथि | |
| अपने आश्रित के साथ संबंध | |
| कृपया वर्षवार विवरण प्रदान करें कि आपके बच्चे को एएआई खेल छात्रवृत्ति योजना (वार्ड कोटा) के तहत कितनी बार लाभ मिला है। | |
| तैनाती का स्थान | |
| विभाग | |
| डाक का पता | |
| मोबाइल नंबर | |
| ई-मेल आईडी | |

**(कर्मचारी का हस्ताक्षर)**